RG-1

1381/2

राजस्थान सरकार

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग

औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, राजस्थान

(कार्यालय : राजकीय विश्लेषक राजस्थान (मेडिकल कॉलेज), जयपुर–04)

क्रमांक : डीटीएल/2014/(723)/723-25 दिनांक 7/6/14

16 JUN 2014 6323

क्रमांक

औषधि नियंत्रक प्रथम/द्वितीय
राजस्थान, जयपुर।

विषयः– प्रयोगशाला में प्राप्त हो रहे नमूनों की प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र जाँच कर रिपोर्ट जारी करने के क्रम में।

उपर्युक्त विषय में निवेदन है कि वर्तमान में औषधि परीक्षण प्रयोगशाला में प्राप्त नमूनों के क्रम से यह विदित हुआ है कि राज्य में पदास्थापित औषधि नियंत्रण अधिकारियों द्वारा नमूनों के साथ प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र जाँच करने हेतु निवेदन भी किया जाता रहा है। प्राथमिकता के आधार पर जाँच करने पर एकल नमूना जाँच हेतु दिया जाता है जिससे नियमित जाँच प्रभावित होती है। चूँकि **प्रयोगशाला में संसाधनों/उपकरणों/स्टॉफ आदि की कमी के कारण वर्तमान में प्रयोगशाला में मई 2014 तक लंबित नमूनों की संख्या 2780 है।**

अतः इस क्रम में संबंधित को निर्देश जारी करने का श्रम करे कि प्राथमिकता के आधार जाँच करने हेतु भेजे जाने वाले नमूनों के साथ शीघ्र जाँच का **स्पष्ट कारण एवं साक्ष्य इत्यादि** भी संलग्न करें जिससे प्राथमिकता तय की जा सके।

साथ ही कार्यरत औषधि नियंत्रण अधिकारियों को यह भी निर्देशित करने का श्रम करें कि वे भेजे गये नमूनों की अवसान तिथि (Expiry date) के विषय में सावचेत रहे तथा तिथि से तीन माह पूर्व प्रयोगशाला को भी अवगत करावें।

उप निदेशक
औषधि परीक्षण प्रयोगशाला
राजस्थान, जयपुर।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निदेशक (जन स्वा.), निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर।
2. गार्ड/ कार्यालय पत्रावली।

उप निदेशक
औषधि परीक्षण प्रयोगशाला
राजस्थान, जयपुर।

राजस्थान सरकार

औषधि नियंत्रण संगठन, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, जयपुर, राजस्थान

क्रमांकः डीसी/डी–1/DTL/2014/360 दिनांकः 03/07/2014

प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नांकित को प्रेषित हैः–

1. औषधि नियंत्रक (द्वितीय)।
2. उप निदेशक, औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, राज0 जयपुर।
3. समस्त सहायक औषधि नियंत्रक, राजस्थान राज्य।
4. समस्त औषधि नियंत्रण अधिकारी, राजस्थान राज्य।
5. इन्चार्ज सर्वर रूम, मुख्यालय को भेजकर लेख है कि आप उक्त पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करें एवं समस्त सहायक औषधि नियंत्रको को ई–मेल करें।

(अशोक भण्डारी)
औषधि नियंत्रक
राज0 जयपुर